नामांक Roll No.

Question Booklet No.

No. of Questions – **20**

No. of Printed Pages – **14 + Map**

**S-08-Social Science**

# माध्यमिक परीक्षा, 2025

# SECONDARY EXAMINATION, 2025

## सामाजिक विज्ञान

## SOCIAL SCIENCE

**समय : 3 घण्टे 15 मिनिट**

**पूर्णांक : 80**

***परीक्षार्थियों के लिए सामान्य निर्देश :***

***GENERAL INSTRUCTIONS TO THE EXAMINEES :***

1) परीक्षार्थी सर्वप्रथम अपने प्रश्न-पत्र पर नामांक अनिवार्यतः लिखें ।

Candidate must write first his/her Roll No. on the question paper compulsorily.

2) **सभी** प्रश्न करने अनिवार्य हैं ।

**All** the questions are compulsory.

3) प्रत्येक प्रश्न का उत्तर दी गई उत्तर-पुस्तिका में ही लिखें ।

Write the answer to each question in the given answer-book only.

4) जिन प्रश्नों में आन्तरिक खण्ड हैं, उन सभी के उत्तर एक साथ ही लिखें ।

For questions having more than one part, the answers to those parts are to be written together in continuity.

5) प्रश्न-पत्र के हिन्दी व अंग्रेजी रूपांतर में किसी प्रकार की त्रुटि/अंतर/विरोधाभास होने पर हिन्दी भाषा के प्रश्न को ही सही मानें ।

If there is any error/difference/contradiction in Hindi & English versions of the question paper, the question of Hindi version should be treated valid.

6) प्रश्न का उत्तर लिखने से पूर्व प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें ।

Write down the serial number of the question before attempting it.

7) प्रश्न संख्या **20** मानचित्र कार्य से संबंधित है और **4** अंक का है ।

Question No. **20** is related to map-work carrying **4** marks.

8) प्रश्न संख्या **14** से **20** तक में आंतरिक विकल्प हैं ।

There are internal choices in Question Nos. **14** to **20**.

## खण्ड – अ

## SECTION – A

बहुविकल्पात्मक प्रश्न :

Multiple Choice Questions :

**1.** निम्न प्रश्नों के उत्तर का सही विकल्प चयन कर उत्तर-पुस्तिका में लिखिए ।

Choose the correct answer of the following questions and write in the answer-book.

i) ज्यूसेपी मेत्सिनी किस देश के प्रसिद्ध क्रांतिकारी थे ? **[1]**

अ) इंग्लैण्ड  ब) ऑस्ट्रिया

स) इटली  द) फ्रांस

Giuseppe Mazzini was a famous revolutionary of which country ?

A) England  B) Austria

C) Italy  D) France

ii) द्वितीय विश्व युद्ध में निम्न में से कौन-सा राष्ट्र धुरी शक्तियों में सम्मिलित नहीं था ? **[1]**

अ) नाज़ी जर्मनी  ब) जापान

स) ब्रिटेन  द) इटली

Which of the following country was not included in the axis power in the Second World War ?

A) Nazi Germany  B) Japan

C) Britain  D) Italy

iii) बंबई में पहली कपड़ा मिल किस वर्ष लगी थी ? **[1]**

अ) 1852  ब) 1854

स) 1860  द) 1862

In which year was the first cotton mill set up in Bombay ?

A) 1852  B) 1854

C) 1860  D) 1862

iv) 'रामचरितमानस' पुस्तक किसने लिखी ? **[1]**

अ) वाल्मीकि ब) सूरदास

स) कबीर द) तुलसीदास

Who wrote the book 'Ramcharitmanas' ?

A) Valmiki B) Surdas

C) Kabir D) Tulsidas

v) शब्द 'वेलम' का अर्थ क्या है ? **[1]**

अ) ताम्र पत्र ब) चर्म पत्र

स) ताड़ पत्र द) कागज

What is the meaning of the word 'Vellum' ?

A) Copper plate B) Parchment

C) Palm leaves D) Paper

vi) पौधों को पहली बार संरक्षित जातियों की सूची में कब शामिल किया गया ? **[1]**

अ) 1991 ब) 1992

स) 1993 द) 1994

When were plants first included to the list of protected species ?

A) 1991 B) 1992

C) 1993 D) 1994

vii) कर्तन दहन कृषि को आंध्रप्रदेश में किस नाम से जाना जाता हैं ? **[1]**

अ) वालरे ब) पोडू

स) खिल द) कुरूवा

By which name is slash and burn agriculture known in Andhra Pradesh ?

A) Valre B) Podu

C) Khil D) Kuruwa

viii) निम्न में से अधात्विक खनिज है [1]

अ) बॉक्साइट ब) सीसा

स) अभ्रक द) सोना

Which of the following is a non-metallic mineral ?

A) Bauxite B) Lead

C) Mica D) Gold

ix) भारत की समुद्री तट रेखा की लम्बाई है [1]

अ) 7615.6 किमी. ब) 7761.6 किमी.

स) 7156.6 किमी. द) 7516.6 किमी.

The length of India's Coast line is

A) 7615.6 km. B) 7761.6 km.

C) 7156.6 km. D) 7516.6 km.

x) निम्न में से किस देश की सीमा बेल्जियम से लगती है ? [1]

अ) फ्रान्स ब) ब्रिटेन

स) स्पेन द) इटली

Which of the following countries shares border with Belgium ?

A) France B) Britain

C) Spain D) Italy

xi) भारत में सर्वाधिक कौन-सी भाषा बोली जाती है ? [1]

अ) मराठी ब) तेलुगु

स) हिन्दी द) बांग्ला

Which language is the most spoken in India ?

A) Marathi B) Telugu

C) Hindi D) Bengali

xii) भारतीय संविधान में 'पुलिस' किस सूची के अन्तर्गत है ? **[1]**

अ) संघ सूची　　ब) राज्य सूची

स) समवर्ती सूची　　द) अवशिष्ट विषय

'Police' comes under which list in the Indian Constitution ?

A) Union list　　B) State list

C) Concurrent list　　D) Residuary subjects

xiii) निम्न में से कौन-सा दल 'राष्ट्रीय जनतान्त्रिक गठबन्धन' का हिस्सा है ? **[1]**

अ) भारतीय जनता पार्टी

ब) इण्डियन नेशनल कांग्रेस

स) कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ इण्डिया

द) आम आदमी पार्टी

Which of the following parties is a part of the 'National Democratic Alliance' ?

A) Bharatiya Janta Party

B) Indian National Congress

C) Communist Party of India

D) Aam Aadmi Party

xiv) निम्न में से कौन राजनीतिक दलों को मान्यता देता है ? **[1]**

अ) विधि आयोग　　ब) अल्पसंख्यक आयोग

स) चुनाव आयोग　　द) राष्ट्रीय महिला आयोग

Who among the following gives recognition to political parties ?

A) Law Commission　　B) Minority Commission

C) Election Commission　　D) National Commission for Women

xv) भारतीय, कौन–सी धातु के सिक्के मुद्रा के रूप में इस्तेमाल करते थे ? **[1]**

अ) चाँदी  ब) सोना

स) ताँबा  द) ये सभी

Which metal coins did Indians use as currency ?

A) Silver  B) Gold

C) Copper  D) All of these

xvi) नर्मदा नदी पर स्थित बाँध है **[1]**

अ) सरदार सरोवर बाँध  ब) हरिके बैराज

स) राणा प्रताप सागर बाँध  द) जवाई बाँध

The dam is situated on the Narmada river

A) Sardar Sarovar dam  B) Harike Barrage

C) Rana Pratap Sagar dam  D) Jawai dam

xvii) दूरसंचार का सबसे आधुनिक माध्यम है **[1]**

अ) टेलीग्राफ  ब) ई–मेल

स) टेलीफोन  द) फैक्स

Most modern medium of telecommunication is

A) Telegraph  B) E-mail

C) Telephone  D) Fax

xviii) उपभोक्ता सुरक्षा अधिनियम कब लागु हुआ ? **[1]**

अ) 1986  ब) 1985

स) 1999  द) 1994

When did the Consumer Protection Act come into force ?

A) 1986  B) 1985

C) 1999  D) 1994

2. रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए ।
Fill in the blanks.

i) 1848 में, एक फ्रांसिसी कलाकार _________ ने चार चित्रों की एक शृंखला बनाई । **[1]**
In 1848, a French artist __________ prepared a series of four paintings.

ii) हीराकुड बाँध _________ पर स्थित है । **[1]**
Hirakud Dam is situated on _________

iii) भूदान आंदोलन _________ द्वारा प्रारम्भ किया गया । **[1]**
Bhoodan movement was started by _________

iv) श्रीलंका में सिंहली भाषी अधिकांश लोग _________(धर्म) है । **[1]**
Most of the Sinhala speaking people in Sri Lanka are _________ (religion).

v) _________ क्षेत्रक को कृषि एवं संबंधित क्षेत्रक भी कहा जाता है । **[1]**
_________ sector is also called agriculture and related sector.

vi) _________ का एक बड़ा हिस्सा बहुराष्ट्रीय कंपनियों द्वारा नियंत्रित है । **[1]**
A large part of the _________ is also controlled by multinational companies.

3. अतिलघुत्तरात्मक प्रश्न: । निम्न प्रश्नों के उत्तर **एक** शब्द अथवा **एक** पंक्ति में दीजिए ।
Very short answer type questions : Answer the following questions in **one** word or in **one** line.

i) ब्रेटन वुड्स सम्मेलन किस देश में आयोजित हुआ ? **[1]**
In which country was the Bretton Woods Conference held ?

ii) 'वर्नाक्यूलर प्रेस एक्ट' से आप क्या समझते हैं ? **[1]**
What do you understand by 'Vernacular Press Act' ?

iii) 'गुलामगिरी' (1871) नामक पुस्तक किसने लिखी ? **[1]**

Who wrote the book 'Gulamgiri' (1871) ?

iv) "स्माल इज ब्यूटीफुल" पुस्तक की जांच कीजिए । **[1]**

Examine "Small is Beautiful" Book.

v) अपने क्षेत्र में चिपको आंदोलन को लागू कीजिए । **[1]**

Implement the Chipko Movement in your area.

vi) रबी फसल का विश्लेषण कीजिए । **[1]**

Analyse Rabi crops.

vii) 'लोकतन्त्र' को आप सबसे बेहतर क्यों मानते है ? कोई एक कारण बताइये । **[1]**

Why do you consider 'Democracy' is the best ? Give a reason.

viii) लोकतन्त्र में बहुमत से किसका सम्मान करने की अपेक्षा की जाती है ? **[1]**

In democracy to whom be respected by majority ?

ix) आपके मतानुसार, लोकतन्त्र के लिये कोई दो आवश्यक स्थितियाँ लिखिये । **[1]**

According to you, write any two essential conditions for democracy.

x) भारत में करेंसी नोट जारी करने वाली संस्था का नाम लिखिए । **[1]**

Write the name of the institution that issues currency notes in India.

xi) विश्व व्यापार संगठन का प्रमुख ध्येय क्या है ? **[1]**

What is the main aim of World Trade Organization ?

xii) 'चयन के अधिकार का प्रयोग' आप कैसे कर सकते हैं ? एक उदाहरण दीजिए । **[1]**

How can you use 'Right to Choose' ? Give an example.

## खण्ड – ब

## SECTION – B

लघुत्तरात्मक प्रश्न : (उत्तर शब्द सीमा लगभग **50** शब्द)

Short answer type questions : (Answer word limit approx. **50** words)

**4.** जर्मेनिया व मारीआन रूपक की तुलना कीजिए । **[1+1=2]**

Compare the Germania and Marianne allegory.

**5.** 1929 की महामंदी के कोई दो कारणों की व्याख्या कीजिए । **[1+1=2]**


Explain any two causes of the Great Depression of 1929.

**6.** जलोढ़ मिट्टी की रासायनिक विशेषताओं और घटकों की पहचान कीजिए । **[2]**

Identify the chemical characteristics and components of Alluvial soil.

**7.** चित्र की सहायता से वर्षा जल संचयन प्रणाली को पहचान कर उस पर चर्चा कीजिए । **[2]**

Identify and discuss rainwater harvesting system with the help of picture.



**8.** 'श्रीलंका में सरकार की नीतियों के कारण सिंहली व तमिल समुदाय में सम्बन्ध खराब हुए ।' ऐसी कोई दो नीतियाँ संक्षेप में स्पष्ट कीजिये । **[1+1=2]**

'In Sri Lanka, relations between Sinhala and Tamil communities strained due to government policies'. Discuss any two such policies in brief.

**9.** 1992 में संविधान संशोधन कर लोकतान्त्रिक शासन व्यवस्था में स्थानीय निकायों को कैसे शक्तिशाली एवम् प्रभावी बनाया गया ? कोई दो प्रावधान बताइये । **[1+1=2]**

How was the local bodies of democratic governance made powerful and effective by amending the Constitution in 1992 ? Mention any two provisions.

**10.** असंगठित क्षेत्रक की कोई दो रोजगार गतिविधियों का उल्लेख कीजिए । **[1+1=2]**

Mention any two employment activities of informal sector.

**11.** निम्नलिखित तालिका में तीनों क्षेत्रकों का सकल घरेलु उत्पाद में योगदान (क्रोड़ में) दिया गया है । **[1+1=2]**

| वर्ष | प्राथमिक क्षेत्रक | द्वितीयक क्षेत्रक | तृतीयक क्षेत्रक |
|---|---|---|---|
| 2000 | 52,000 | 48,000 | 1,35,000 |

i) उपरोक्त आंकड़ों से वर्ष 2000 में सकल घरेलु उत्पाद की गणना कीजिए ।

ii) वर्ष 2000 में तृतीयक क्षेत्रक का योगदान प्राथमिक क्षेत्र से कितना अधिक था, गणना कीजिए ।

The following table shows the contribution of all three sectors to GDP (in crores).

| Year | Primary Sector | Secondary Sector | Tertiary Sector |
|---|---|---|---|
| 2000 | 52,000 | 48,000 | 1,35,000 |

i) Calculate Gross Domestic Production by above data in the year 2000.

ii) Calculate how much contribution of the tertiary sector was more than the primary sector in the year 2000.

**12.** सूचना एवं संचार प्रौद्योगिकी के विकास से हुए कोई चार लाभों की सूची बताइये । **[½×4=2]**

List any four benefits of the development of information and communication technology.

**13.** आपके अनुसार, सरकार हमें कौन-कौन सी सार्वजनिक सुविधाएँ उपलब्ध करवाती है ? कोई दो सुविधाओं का वर्णन कीजिए । **[1+1=2]**

According to you, which public facilities does the Government provides us ? Describe any two facilities.

## खण्ड – स

## SECTION – C

दीर्घ–उत्तरीय प्रश्न : (उत्तर शब्द सीमा लगभग **100** शब्द).

Long answer type questions : (Answer word limit approx. **100** words)

**14.** बाजार में श्रम की बहुतायत से मजदूरों की जिन्दगी किस प्रकार प्रभावित हुई ? लिखिए । **[3]**

How did the lives of workers get affected due to abundance of labour in the market ? Write.

**अथवा**/OR

अठारहवीं सदी के आविष्कारों से उत्पादन प्रक्रिया पर क्या प्रभाव पड़ा ? वर्णन कीजिए ।

What impact did the inventions of the eighteenth century have on the production process ? Describe it.

**15.** आग्नेय और अवसादी चट्टानों में अंतर स्पष्ट कीजिए । **[1½+1½=3]**

Explain the difference between igneous and sedimentary rocks.

**अथवा**/OR

प्राकृतिक गैस और बायो–गैस में अंतर स्पष्ट कीजिए ।

Explain the difference between natural gas and biogas.

**16.** राजनीतिक दलों की लोकतन्त्र में क्यों जरूरत होती है ? इसके पक्ष में अपना मत स्पष्ट कीजिये । **[3]**

Explain your opinion in favour of why political parties are needed in democracy.

**अथवा**/OR

भारत में राजनीतिक दलों के लिये निम्न चुनौतियों पर अपना मत स्पष्ट कीजिये ।

अ) पार्टी के भीतर लोकतन्त्र का अभाव ।

ब) वंशवाद की चुनौति ।

Explain your opinion on the following challenges for political parties in India.

A) Lack of internal democracy in party.

B) Challenge of dynastic succession.

**17.** अश्विन दसवीं कक्षा का विद्यार्थी है । वह अपनी दादी के साथ पहली बार बैंक की शाखा में जाता है । वहाँ नकद राशि आहरण के लिए दादी के खाली चैक पर आवश्यक विवरण भरने हैं । आप अश्विन की सहायता करते हुए चैक पर की जाने वाली आवश्यक पूर्तियों का विश्लेषण प्रस्तुत कीजिए । **[3]**

Ashwin is a student of class tenth. He goes to the bank branch first time with his grandmother. There he have to fill necessary details on grandmother's blank cheque for cash withdraw. Present an analysis of the necessary details to be made on the cheque to help Ashwin.

**अथवा**/OR

एक छोटे गाँव मान्यापुरा में रहने वाली निर्धन महिला ने गाँव में एक महाजन से खेती के लिए ऋण लिया । समय पर कर्ज न चुका पाने पर उसे अपनी कुछ पैतृक जमीन बेचनी पड़ी । इस घटना के संदर्भ में आप ग्रामीण क्षेत्र में साख समस्याओं का विश्लेषण कीजिए ।

A poor woman living in a small village Manyapura took a loan for farming from a village money lender. Due to her inability to repay the loan on time, she had to sell some of her ancestral land. In the context of this incident, analyse the credit problem in rural areas.

## खण्ड – द

## SECTION – D

निबन्धात्मक प्रश्न : (उत्तर शब्द सीमा लगभग **250** शब्द).

Essay type questions. (Answer word limit approx. **250** words).

**18.** असहयोग आन्दोलन से पूर्व की घटनाओं की व्याख्या कीजिए । **[4]**

Explain the events before the non-cooperation movement.

**अथवा**/OR

राष्ट्रवाद का विचार भारतीय लोक कथाओं को पुनर्जीवित करने के आन्दोलन से भी मजबूत हुआ । कथन की व्याख्या कीजिए ।

Idea of nationalism also developed through a movement to revive Indian folklore. Explain the statement.

**19.** 'भारतीय समाज अभी भी पितृप्रधान है, जिसमें महिलाओं के साथ भेदभाव होते है ।' इस कथन की विस्तृत विवेचना कीजिये । **[4]**

'Indian society is still patriarchal, in which women face discriminations'. Discuss the statement in detail.

**अथवा**/OR

'भारतीय संविधान – निर्माताओं ने धर्म निरपेक्ष शासन का मॉडल चुना है ।' इस कथन की विस्तृत विवेचना कीजिये ।

'The Indian Constitution – makers have chosen the model of secular governance'. Discuss the statement in detail.

**20.** दिये गये भारत के रेखा मानचित्र में निम्नलिखित ऊनी वस्त्र उद्योग केन्द्र (अ, ब) एवं समुद्री पत्तन (स, द) को अंकित कीजिए । **[1+1+1+1=4]**

अ) लुधियाना ब) जामनगर

स) मार्मागाओ द) कोच्चि

Mark the following woolen textile center (A, B) and sea ports (C, D) in the given outline map of India.

A) Ludhiana B) Jamnagar

C) Marmagao D) Kochchi

**अथवा**/OR

दिए गये भारत के रेखा मानचित्र में निम्नलिखित ऊनी वस्त्र उद्योग (अ, ब) एवं समुद्री पत्तन (स, द) को अंकित कीजिए ।

अ) अमृतसर ब) अहमदाबाद

स) तूतीकोरिन द) हल्दिया

Mark the following woolen textile center (A, B) and sea ports (C, D) in the given outline map of India.

A) Amritsar B) Ahmedabad


C) Tuticorin D) Haldia

नामांक Roll No.

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | |

**S-08-Social Science**

# माध्यमिक परीक्षा, 2025
# SECONDARY EXAMINATION, 2025
# सामाजिक विज्ञान
# SOCIAL SCIENCE




यहाँ से काटें ---- Cut Here ---- यहाँ से काटें ---- Cut Here

DO NOT WRITE ANYTHING HERE